डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 175 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 08 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



## चारधाम यात्रा...

## केदारनाथ, बदरीनाथ समेत इन धामों के लिए 8 अप्रैल से शुरु होगा रजिस्ट्रेशन

### 10 मई से शुरू हो रही है यात्रा

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। केदारनाथ आपदा के बाद से लगातार हर साल लाखों की संख्या में भक्त उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा कर रहे हैं। उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा में भक्त यमुनोत्री, गंगोत्री, केदरानाथ और बदरीनाथ की यात्रा करते हैं. कई भक्त जहां सभी धामों की यात्रा करते हैं, तो कई भक्त एक या दो धाम की यात्रा भी करने के लिए आते हैं।**

गंगोत्री और बदरीनाथ में आप जहां सड़क के माध्यम से आसानी से पहुंच सकते हैं, तो वहीं यमुनोत्री और केदारनाथ में आपको चलना पड़ता है। भक्तों को सबसे ज्यादा केदारनाथ यात्रा के दौरान चलना पड़ता है। हालांकि आप हेलीकॉप्टर के माध्यम से केदारनाथ आसानी से पहुंच सकते है। इस साल चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है।

वहीं, चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को आठ अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। बता दें कि सरकार की ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए यह जरूरी है कि यात्रा पर जाने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। चारधाम के लिए पर्यटन विभाग ने पंजीकरण के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। इस बार पंजीकरण के बाद पर्ची पर यात्रियों को आवश्यक मोबाइल नंबर भी मिलेंगे।

जानकारी के लिए बता दें, केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्म मुहूर्त में तीर्थ यात्रियों के लिए खुलेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीखों का ऐलान बसंत पंचमी के दिन हुआ था। जबकि, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुलेंगे।

### प्रतिबंध की औपचारिकता, मशीन को लेकर नहीं निर्णय...

# हार्वेस्टर ने बढ़ाए सूखले के दाम..?



### पांच गुना कम खर्च में हार्वेस्टर से होती है कटाई, पराली जलाने से होता है प्रदूषण

**मंदसौर, अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित आसपास के जिले सूखले (भूसा)की कमी से जूझ रहे हैं। यह हालात तब है जब यहां अन्य फसलों के मुकाबले गेहूं का रकबा अधिक है। ये स्थिति हार्वेस्टर मशीनों से गेहूं कटाई के चलते बन रही है। पिछले तीन सालों में सूखले के दाम दोगुना से अधिक हो गए हैं। बढ़े दामों के दुष्परिणाम के चलते पशुपालक दूसरों के खेतों में कटाई करने को मजबूर हैं। इधर, किसान रुपए व समय की बचत को देखते हुए मशीनों से कटाई करा रहे हैं। पशुपालकों की सूखले की समस्या को लेकर प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए हैं। प्रशासन ने भूसे व चारे के निर्यात पर प्रतिबंध को लेकर औपचारिकता पूरी कर ली हैं। हार्वेस्टर पर प्रतिबंध सहित अन्य विषयों पर निर्णय अब तक नहीं लिया है। जबकि, हावेस्टर से गेहूं निकालने पर बचे तने को जिसे सुखला कहा जाता है, वह जलाने से प्रदूषण फैलता है।

हर साल की तहर इस साल भी किसानों ने अन्य फसलों की तुलना में गेहूं की अधिक बोवनी की। वर्तमान में फसल कटाई जोरों पर है। किसान हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई करा रहे हैं। इसका कारण फसल कटाई में मजदूरी से पांच गुना कम लागत लगना है। मशीनों से फसल कटाई करने पर सूखले की जिलों में कमी देखी जा रही है। इसके चलते तीन साल पहले की अपेक्षा अब ट्रॉली के दाम डेढ हजार से बढक़र 4 हजार से अधिक हो गए हैं। किसान स्वयं की उपज का सूखला समेटने में लगा है। वहीं, ऐसे पशुपालक जो खेती नहीं करते या अधिक पशु वाले रुपए खर्च करके पहले से ही खरीदी का जुगाड़ लगा रहे हैं। शामगढ़ क्षेत्र के कृषक लोकेंद्र सिंह, राजमल बंजारा सहित अन्य ने बताया कि एक ट्रॉली सूखले के लिए 4 हजार रुपए खर्च करना पड़ रहे हैं। इसमें मजदूरी व भाड़ा शामिल हैं। एक पशु के लिए एक ट्रॉली सूखला पर्याप्त नहीं होता है। दो साल पहले एक ट्रॉली के लिए 1 हजार रुपए खर्च करना पड़ते थे। 300 रुपए भाड़ा व 200 रुपए मजदूरी शामिल है। किसान कटाई से पहले सूखला खरीदी की बुकिंग के एडवांस में रुपए दे रहा है।

#### चारे व भूसे पर दिखावे का प्रतिबंध...

पशुओं के लिए चारे व भूसे की उपलब्धता को लेकर करीब एक माह पूर्व कलेक्टर ने जिले की सीमा से बाहर निर्यात पर रोक लगाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए थे। आदेश में कहा गया था कि जिला राजस्थान राज्य का सीमावर्ती होने के कारण धारा 144 के तहत जिले की सीमा से बाहर अन्य राज्यों में निर्यात करने पर प्रतिबंध लगाया है। जिले में चारा, भूसा की पूर्ति व कानून एवं व्यवस्था के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति या संस्था पशुचारा (आहार) घास, भूसा, चारा, कड़वी (ज्वार, मक्का के डंठल) जिले से बाहर निर्यात नहीं करेगा। साथ ही उद्योगों एवं फैक्ट्रियों के बायलरों या ईट भट्टों आदि में पशुचारे या भूसे का ईधन के रूप में उपयोग नहीं करेगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक मूल्य पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिए अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईधन उपयोगी भूसे का स्टॉक केवल लाइसेंसधारी उद्योग ही स्टॉक कर सकेगा।

#### यह है सुखले का गणित...

जानकारी के अनुसार एक बीघे के गेहूं फसल की कटाई के लिए 7 मजदूर प्रति बीघा 350 रुपए लेते हैं। थ्रेसर से उपज निकालने के लिए 3 मजदूर लगते हैं। इसके अलावा घर तक उपज डालने के लिए भाड़ा सहित अन्य खर्च मिलाकर 5 हजार रुपए तक खर्च हो जाता हैं। इसके उलट हार्वेस्टर से एक बीघा के गेहूं फसल कटाई के लिए महज एक हजार रुपए ही लग रहे हैं। पांच गुना कम खर्च होने के कारण बड़े किसानों का रुझान हार्वेस्टर की तरफ है। इसके चलते सूखला नहीं निकल पाता। इधर, एक पशु के लिए साल भर में 10 हजार रुपए के चारे या सूखले की जरूरत पड़ती हैं। यदि किसी पशुपालक के पास 5 पशु है तो यह खर्च 50 हजार रुपए से अधिक है।

#### धड़ल्ले से हो रहा भूसे का परिवहन...

कलेक्टर ने भूसे व चारे के निर्यात संबंधी आदेश जारी तो कर दिए हैं। लेकिन धड़ल्ले से अभी भी ट्रक भरकर बाहर जा रहे हैं। जिले में संचालित होने वाली कई गोशालाओं में अधिकांश गोशालाएं चारे की कमी से जूझ रही हैं। आचार संहिता के चलते जगह-जगह चेक पोस्ट है। किन्तु, फिर भी भूसे के परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है।

## शहर पुलिस ने अफीम-एमडी के साथ बाईक सवार को दबोचा



### हथुनिया का मीणा ला रहा था मंदसौर में नशा

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने नाका नंबर दस से साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा की अफीम और स्मैक के साथ एक बाइक सवार को दबोचा है। राजस्थान से मंदसौर की तरफ यह मादक पदार्थ लाया जा रहा था। मामले में सीबीएन की राह पर चलते हुए पुलिस ने आरोपी के नाम का खुलासा प्रेस नोट में नहीं किया है। हालांकि आरोपी हथुनिया का मीणा बताया जा रहा है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मंदसौर प्रतापगढ़ रोड़ स्थित गौशाला के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान बाइक सवार प्रतापगढ़ की तरफ से आता हुआ नजर आया। उसे रोककर तलाशी ली गई। जिसमें इसके पास एमडी और अफीम मिली। पुलिस ने बताया कि एमडी का कुल वजन 130 ग्राम एवं अवैध मादक पदार्थ अफीम का कुल वजन 500 ग्राम है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अर्जुन पिता बसंतीलाल मीणा उम्र 24 साल निवासी हथुनिया बताया। इस मामले में कोतवाली टीआई पुष्पेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि नाका नंबर दस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। जिस व्यक्ति से मादक पदार्थ लाया गया था। उसका भी पुलिस पता लगा रही है। जल्द ही इस मामले में सभी आरोपियों के नाम का खुलासा किया जाएगा।

#### तीन दिन के रिमांड पर आरोपी...

पुलिस ने आरोपी अर्जुन पिता बसंतीलाल मीणा उम्र 24 साल निवासी हथुनिया को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौपा गया है। अब पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

## कुएं में मिली विवाहित की लाश, हत्या का आरोप




**मनासा, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के ग्राम जालीनेर में एक महिला का शव उसी के कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। दरअसल जालीनेर निवासी 40 वर्षीय विवाहिता गीताबाई पति कचरूलाल धनगर शनिवार दोपहर के करीब अपने मवेशियों का चारा पानी करने के लिये गई थी। जो अपने खेत पर बने कुएं में गिर गई थी। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटी। तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान जब परिजनों ने अपने कुएं में झांककर देखा तो महिला का शव दिखाई दिया। जिस पर परिजनों और ग्रामीण ने तत्काल मनासा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं रविवार को मनासा के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। दरअसल महिला के मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा महिला को प्रताड़ित किया जा रहा था। उससे से आए दिन पैसों की मांग की जाती थी। बीती रात को भी महिला के साथ मारपीट कर उसे कुएं में फेंक दिया। उसकी मौत नहीं हत्या हुई है। इस मामले में दोषी सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

महिला का शव लेकर परिजन सरकारी अस्पताल से मनासा थाने के बाहर पहुंचे। जहां नारेबाजी करते हुए चक्का जाम किया। हालांकि, पुलिस ने समझाईश देकर उचित कार्रवाई का भरोसा देते हुए मामले को शांत किया। समझाईश के बाद परिजन शव लेकर रवाना हुए। मामले में मनासा एसडीओपी विमलेश उइके का कहना है कि महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया है। महिला के परिजनों ने प्रताड्ना का आरोप लगाया है। जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ओर मर्ग जांच आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आज सोमवती अमावस्या पर ओंकारेश्वर में दो लाख श्रद्धालु करेंगे नर्मदा स्नान, शिवना में भी डूबकी लगाएंगे श्रृद्धालु

**ओंकारेश्वर/मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सोमवती अमावस्या पर सोमवार को तीर्थनगरी में नर्मदा स्नान और भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शनों के लिए लोग उमड़ेंगे। सबसे अधिक श्रद्धालु नर्मदा-कावेरी संगम पर पहुंचेंगे। शनिवार और रविवार को अवकाश के चलते दो दिनों से यहां भीड़ बनी हुई है। इधर मंदसौर की जीवन रेखा पवित्र शिवना में भी श्रृद्धालु डूबकी लगाकर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।



सोमवार को ओंकारेश्वर ओर मोरटक्का के नर्मदा के विभिन्न घाटों पर सुबह से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अमावस्या पर दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की है। भीड़ को देखते हुए नाव का संचालन बंद रहेगा। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। नगर परिषद द्वारा पेयजल और घाटों पर गोताखोर तथा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

महाशिवरात्रि की तरह सोमवती अमावस्या पर भी भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थाएं की गई है। वाहनों को नगर में आने से पहले ही पार्किंग में रोक दिया जाएगा। घाटों पर सुरक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए संबंधित विभागों व अधिकारियों को निर्देशित किया है। इधर मंदसौर में भी पवित्र शिवना में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु डूबकी लगाकर पूण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## विवाह कार्यक्रमों पर आचार संहिता का पहरा

### बेण्ड बजाने से मना कर रहे, लेनी पड़ रही अनुमति

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अप्रैल माह में अपने बच्चो का विवाह करने वाले परिवारों में इन दिनों भागम भाग का माहौल है। विवाह के शुभ मुहूर्त के बीच लोकसभा चुनाव की आचार संहिता ने वर-वधू पक्ष के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। शादी की तारीख तय होने पर भी अनुमति लेने काटने पड़ रहे चक्कर है।

13 मई को मंदसौर सहित रतलाम, नीमच, उज्जैन, धार, झाबुआ में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अप्रेल की 13 तारीख के बाद शादियों का मुहुर्त होने से फिर शहनाई गूंज सुनाई देगी। हालांकि सिर्फ 5 ही विवाह के मुहूर्त है। वर्तमान दौर में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी है। आयोजन के लिए अनुमतियां जरुरी है। ऐसे में मांगलिक भवन और गार्डन संचालक भी असमंजस में है कि पहले से बुकिंग निरस्त न हो जाए तो, शादी के आयोजक परिवार भी परमिशन को लेकर दौड़ धूप में लगे हैं।


#### यह है खास मुहुर्त...

अप्रेल माह में तीन दिन 18, 21 और 23 को खास मुहुर्त हैं। दूसरी तरफ 13 मई को जिले में लोकसभा की वोटिंग होना है। 16 मार्च को आचार संहिता लगने से ... शेष पेज 4 पर

## आयातितों के कारण अपनों मे बड़ी शीर्ष नेतृत्व से नाराजगी, विपक्ष भुनाने भी लगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा में कांग्रेसियों का समाना बदस्तूर जारी है। आयातितो की बढ़ती संख्या के कारण भाजपा का शीर्ष नेतृत्व की बांछे खिल रही है। जबकि, क्षेत्रीय संगठन के भाजपाइयों मे नाराजी बढ़ती जा रही हैं। भाजपा के पुश्तैनी कार्यकर्ताओं में हाई कमान की इस मुहिम के कारण दो मुद्दों पर नाराजी का वातावरण बन चुका है। इस मुद्धे का तापमान इतना बढ़ गया है कि किसी भी दिन विस्फोट हो जाए तो भाजपाईयों को आपस मे अचरज नहीं होगा।

पहला मुद्दा यह की भाजपा के जो पारिवारिक पुश्तैनी कार्यकर्ता है, वह अपने समय, धन, परिवार की चिंता छोड़ संगठन में इसलिए काम करता है कि जब भी वैक्यूम होगा तो उसे किसी अच्छे पद को पाने का विधायक, सांसद, मंत्री बनने का अवसर मिलेगा। अब आयातितों के कारण एकदम नया मुद्दा भाजपा के युवाओं के समर्पण को झकझोर रहा है कि शीर्ष नेतृत्व के कारण समझौते के चलते आयातीतों को उपकृत करने के लिए खाली होने वाले पदों पर या प्रत्याशी बनाए जाने में प्राथमिकता दी जाने लगी है।



चन्द्रमोहन भगत

ऐसे में पीढ़ी दर पीढ़ी समर्पित परिवार के कार्यकर्ता को ही हाशिए पर किया जाएगा, किया भी जा रहा है।

इसके प्रामाणिक उदाहरण शुरु होते हैं असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा, नितीश कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ आए दो दर्जन विधायक, महाराष्ट्र में शिवसेना-एनसीपी के विधायक दल, ऐसे अनेक और भी उदाहरण है। स्वाभाविक है कि लगभग सभी को भाजपा को उपकृत करना पड़रहा है। एकनाथ शिंदे, अजीत पवार के साथ आए विधायकों को मंत्री भी बनाना पड़ा और मलाईदार विभाग भी देने पड़े। इस तरह के तमाम समझौतो को अंजाम तो दिया भाजपा हाईकमान ने, पर इसका खामियांजा भुगतते अंदर ही अंदर घूंट रहे हैं भाजपा की रीड की हड्डी को मजबूत बनाए रखने वाले जमीनी कार्यकर्ता। भाजपा के डबल इंजन सरकार की इस मुहिम से ताजा आघात महाराष्ट्र में किसी प्रदेश के नेता को गहरे तक भेद ही गया होगा, जब अशोक चव्हाण को भाजपा में समाने के लगभग 24 घंटे के अंतराल में ही राज्यसभा सदस्य नामांकित कर दिया गया। कल्पना कीजिए कि किस स्तर के भाजपाइयों को आयातीतो के कारण कितना कुछ साफ कहो तो दशकों तक समर्पण कर विचारधारा के प्रति आस्था की आहुति देना पड़ी होगी!

भारतीय राजनीतिक सिद्धांतों में ऐसी तोड़फोड़या खरीद फरोख्त को अनैतिक दर्जा दिया जाता है। राजनीतिक स्पर्धा में ऐसा कृत्य हीन हरकत कहलाते है। किन्तु, वर्तमान भाजपा के शीर्ष नेतृत्व अपनी इस हरकत के सहारे विपक्षी दल को कमजोर कर रहे हैं। जबकि, शुद्ध जन आधार की राजनीति करते होते तो आम चुनाव की स्पर्धा में स्वस्थ परंपरा से मैदान में उतर सकते थे। इसके उलट देश का आम राजनीतिक दृश्य कुछ ऐसा बनता जा रहा है कि सत्ताधीश विरोधियों की राजनीतिक कमियां तलाश कर उनको टारगेट कर रहे हैं और मैदान छोड़ने को या भाजपा में समाने को मजबूर करे दे रहे हैं। फिर नतीजे के बाद डंका पीटेंगे की हमने मजबूत विपक्ष को उनके ही दांव में उलझा कर पटक दिया। इस तरह की अनैतिक के चलते प्रबुद्ध वर्ग में ये शेर कहा जाने लगा है...

**'कभी तो अपने अंदर की कमियां भी दू ढिए साहब।**
**यूं कब तक झांकते रहिएगा दूसरों के गिरेबान में ॥'**




RITUAL INTERNATIONAL SCHOOL

TEACHER REQUIRED

We are hiring teachers for various position in our middle school. Candidates required having a minimum 01 year experience and that are passionate about children. English fluency is compulsory

Eligible Candidates kindly share your CV On WhatsApp.

Add: Bypass Chouraha, Bhavgarh (M.P.)
Contact no.: 9009777958, 8962990886

ADMISSION OPEN FOR CLASSES
Play Group, Nursery to 8th

# शक्ति केन्द्र के सम्मेलन तभी सफल माने जायेगें जब उस सम्मेलन में अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो-धाकड़

## लोकसभा चुनाव 2024 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जिले के 164 शक्ति केन्द्र-अटोलिया



**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी चुनाव जीतने की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर उज्जैन संभाग के क्लस्टर प्रभारी, मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एंव युवा कल्याण विभाग मंत्री माननीय विश्वास कैलाश सारंग, एवं उज्जैन संभाग संगठन प्रभारी प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जीतू जिराती के निर्देशानुसार जिले के समस्त 164 शक्ति केन्द्रों के सम्मेलन हेतु आवश्यक बैठक मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात भाजपा जिला पदाधिकारी गणों द्वारा मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड ने कहा की लोकसभा चुनाव 2024 आप सभी जिम्मेदार पदाधिकारीयों के नेतृत्व में भारी बहुमत से विजय लक्ष्य को लेकर लड़ा जा रहा है। शीर्ष नेतृत्व जो भी संगठनात्मक कार्यक्रम हमें संपादित करने हेतु निर्देशित करते है उसके कई सकारात्मक परिणाम हमारी पार्टी को प्राप्त होते है। पूर्व मे भी आप सभी की मेहनत और परिश्रम से गांव चलो अभियान और लाभार्थी संपर्क अभियान को सम्पन्न करने में मंदसौर जिला संगठन की दृष्टि में अग्रणी रहा है। अब हमें शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र सम्मेलन को सफलता पूर्वक सम्पन्न कर शक्ति केन्द्रो पर संगठन का कार्य कर रही पंच परमेश्वर टोली एंव बूथ पर कार्य कर रही बूथ त्रिदेव और बूथ समिति को सक्रिय कर लोकसभा चुनाव में बूथ पर पूर्व परिणामों से 370+ वोट प्राप्त करने का लक्ष्य देना है। शक्ति केन्द्र के सम्मेलन तभी सफल माने जायेगें जब उस सम्मेलन में अपेक्षित पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं की उपस्थिति शत प्रतिशत हो इसके लिये आप सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति, जिला पदाधिकारी को मंडल अध्यक्ष गणों के साथ योजना बना कर शक्ति केंद्र सम्मेलन सम्पन्न कराना होगें। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यप्रणाली से अधिकांश युवा वर्ग एंव मातृशक्ति प्रभावित हो रही है। ऐसे युवा एंव मातृशक्ति वर्ग से संपर्क कर उन्हे अपनी विचारधारा से जोड़ना चाहिये। इसके लिये हम आने वाले दिनों में सम्मेलन आयोजित कर रहे है। बैठक में आगामी संगठनात्मक जानकारी एंव कार्य योजना बताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार हमें 8 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच जिले के 164 शक्ति केन्द्रों पर बैठक कर सम्मेलन आयोजित करना है। इसके लिए एक दिन में हमें दो शक्ति केन्द्रो की बैठक अनिवार्य रूप से करना है। प्रत्येक शक्ति केन्द्र की बैठक में लगभग 100 से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करें। इन शक्ति केंद्रों के सम्मेलन में जिले के पदाधिकारी वक्ता के रूप में जायेगें और सम्मेलन में संगठन द्वारा बताये गये आवश्यक करणीय कार्यो को सम्पन्न करवायेगें। इसी सम्मेलन में लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता की नामांकन रैली को सफल बनाने के लिये शक्ति केन्द्र में सम्मिलित समस्त बूथों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करेगें। सोशल मीडिया टीम को सक्रिय करेगें और वर्ष 2018, 2019, 2023 के चुनाव परिणाम पर चर्चा करेगें। मुझे पूरी उम्मीद है की हम पुन: एक बार मंदसौर जिले से ऐतिहासिक वोटो के साथ भाजपा उम्मीदवार को विजय बनाने में सफल रहेगें। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, जिला कार्यालय प्रभारी पारस मावर, राजेश सेठिया, राजेश पालीवाल, राजु चावला, अजय तिवारी, नरेन्द्र पाटीदार, विक्रम सिंह चौहान, रणजीत सिंह चौहान, अजय सिंह चौहान, राधेश्याम जाट, रमेश धाकड, जगदीश परमार, अशोक गोखरू, हिम्मत डांगी, जितेन्द्र सिंह कोटडा माता, शांतिलाल मालवीय, पुष्पेन्द्र भावसार, मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, विकास सुराणा, ईश्वर सिंह पंवार, धीरज संघवी, अभिषेक मांदलिया, चंद्रप्रकाश पंडा, ओमप्रकाश परमार, लाल सिंह देवडा, भारतसिंह डांगी, सौदान सिंह गुर्जर, राजमल सुरावत, जितेन्द्र जाट, नेपाल सिंह चौहान, उमराव सिंह चौहान, नंदु कुमावत, मुकेश खमेसरा, राजकुमार पोरवाल आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल ने किया एवं आभार भाजपा जिला मंत्री अजय तिवारी ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## स्थापना दिवस पर दो हजार क्या सिर्फ दो सौ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूची सार्वजनिक करे भाजपा-तोमर



**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव में अपनी हार के डर से सुचिता की बात करने वाली भाजपा भ्रम फैलाकर दुष्प्रचार में जुट गई है, भाजपा के स्थापना दिवस पर दो हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मन्दसौर जिले में भाजपा में शामिल होने का समाचार भाजपा के मीडिया प्रभारी द्वारा जारी कर छपवाया गया है जो असत्य एवं निराधार है। अरे दो हजार क्या सिर्फ दो सौ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूची सार्वजनिक कर दे भाजपा अन्यथा माफी मांगे।

यह सवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने भाजपा के भ्रामक प्रचार पर उठाए है। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कहा है कि भाजपा मन्दसौर संसदीय क्षेत्र में अपनी निश्चित हार से बौखला गई है। जिस प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर को जगह जगह अपार जन समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है उससे भाजपा के होश उडे हुए है। भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इतना कमजोर न समझे। कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए पूरे जिले के साथ संसदीय क्षेत्र में जुटे हुए है। डॉ तोमर ने भाजपा को खुला चैलेंज दिया है कि अगर उनमें हिम्मत है तो दो हजार उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नाम सार्वजनिक करे जिनको भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा में शामिल होने का समाचार जारी किया गया है। डॉ तोमर ने बताया कि पूरे जिले में कांग्रेस के साथियों से हुई चर्चा से ज्ञात हुआ है कि भाजपा के हजारों कार्यकर्ता जगह जगह कांग्रेस उम्मीदवार श्री गुर्जर के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ले रहे है और आगे भी लेने वाले है। डॉ तोमर ने भाजपा को चेताया है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बारे में दुष्प्रचार बंद करें अन्यथा हमें हमारे निष्ठावान कार्यकर्ताओं के बारे में झूठे और भ्रामक समाचार प्रकाशित करके उनकी मानहानि करने पर भाजपा को विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी।

## जिला जैल में अंतराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ योग शिविर




**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमती रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला जैल मंदसौर में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने कहा कि योग विश्व को भारत की एक अमूल्य देन है और यह हम सभी को शांति, संतुलन एवं स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करता है। जैल अधीक्षक श्री पीके सिंह ने कहा जिला जेल की तरफ से समय-समय पर योग शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी बंदियों से आग्रह किया कि वह इन सत्रों में भाग लेकर अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करें। इस अवसर पर योगाचार्य श्री आरडी गुप्ता एवं श्री रजत कुमार जोशी द्वारा उपस्थित बंदियों को योग की क्रियाएं कराई गई।

## सेन निकिता राठौर को मिलेगी स्वर्ण पदक की उपाधि

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नाहरगढ की बालिका सेन निकिता पिता तुलसीराम राठौर ने लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने गांव, चौपाल, समाज के साथ-साथ माता पिता व शिक्षकगण का मान सम्मान बढाया है। सेन निकिता ने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के भौमिकी विभाग से दो वर्षीय एम.एस.सी. फाइनल मे प्रथम स्थान वर्ष 2023 में हासिल किया, इसलिए दीक्षांत समारोह मे स्वर्ण पदक व उपाधि प्रदान होगी। इस उपलब्धी के लिए भौमिकी विभाग के प्राचार्य व सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा है। सभी ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐ प्रेषित की है।



## 1857 की क्रांति के जनक मंगल पांडे का बलिदान दिवस आज दशपुर जागृति संगठन मनाएगा

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लगातार महान क्रांतिकारी का देश बनाने के लिए संकल्पित व उनकी विचारधाराओं का देश बनाने के लिए क्रियाशील व भगवान पशुपतिनाथ की नगरी से संचालित देश का पहला संगठन दशपुर जागृति संगठन 1857 की क्रांति के महानायक मंगल पांडे का बलिदान दिवस आज 8 अप्रैल, सोमवार की संध्या 7.30 बजे भारत माता को माल्यार्पण कर मशाल प्रज्वलन के साथ मनाएगा।

मंगल पांडे ने अंग्रेज अधिकारी हासन और बाउ की हत्या 29 मार्च 1857 को कर दी थी कोलकाता में दोनों अधिकारियों को मार गिराया था। देश के अंदर भारतीयों का धर्म भ्रष्ट करने वाले अंग्रेजों के खिलाफ गाय की चर्बी लगे कारतूसों का मुंह से खोलने पर विरोध करने वाले मंगल पांडे ने कहा था कि देश को अंग्रेजों से मुक्त करते हुए स्वतंत्रता लेंगे। एक साथ भारतीय ऑफिसों पर हमला बोलने का हल्ला बोल का नारा देने वाले मंगल पांडे को खुले पेड़ पर 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई थी ऐसे महान क्रांतिकारी के लिए राष्ट्र पुन मांग करता है कि क्रांतिकारियों को भुलाया नहीं जाना चाहिए। संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने कहा कि आज पूरा देश महान क्रांतिकारियों के दम पर खड़ा होने के साथ ही उनके विचारों पर नहीं चल पा रहा है। उन्होंने जो त्याग किया था वह भारत अभी नहीं बना है। धर्म जाति की दीवारों के साथ भ्रष्टाचारों का बोलबाला चारों तरफ है देश के संविधान में अनपढ राजनेताओं की भर्ती भ्रष्टाचारी राजनेताओं की भर्ती के साथ ही आय से अधिक संपत्ति वाले अफसर एवं कई पदों पर इस प्रकार के लोग कार्य कर रहे हैं यह राष्ट्र की लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मंगल पांडे ने कहा था भारतीय संस्कृति से बढकर दुनिया की कोई संस्कृति नहीं हो सकती। आओ मिलकर हम मंगल पांडे की बलिदान दिवस को आज संध्या 7.30 बजे भारत माता चौराहा पर पहुंचकर मशाल पूजन करते हुए हाथ में अग्नि को लेकर शपथ ले कि राष्ट्र को हम मजबूत बनाने के लिए 2026 तक भारत को भ्रष्टाचार मुक्त और क्रांतिकारियों का देश बना कर रहेंगे। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ व दशपुर जागृति संगठन के संरक्षक रविंद्र पांडे अपने साथ देशभक्ति को लेकर वहां पहुंचेंगे। संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पौराणिक, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, सचिव आशीष बंसल, राजाराम तंवर, पूर्व टीआई एमपी सिंह परिहार, शिक्षाविद रमेशचंद्र चंद्रे, बिंदु चंद्रे, महेश शर्मा, हरिनारायण टेलर बलराम, कोषाध्यक्ष आरसी पांडे, अरुण गौड, शिक्षाविद उर्मिला तोमर, परामर्शदाता सुनील बंसल, अजीजुल्लाह खान खालिद, वरिष्ठ अभिभाषक विष्णुदास बैरागी, जयंत भावसार, विकास बसेर, इंजीनियर नरेश त्रिवेदी, समाजसेवी केशवराव शिंदे, श्याम कहार, वर्षा बसेर, सीमा चौरडिया, उषा कुमावत, किरण मंडोवरा, राजेंद्र चास्टा, कन्हैयालाल भावसार, प्रकाश पालीवाल संगठन के सभी पदाधिकारी ने आव्हान किया है की मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर एक दीपक अपनी ओर से अवश्य लगे। यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी बलराम दडींग ने दी।

## स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का मूल आधार-डॉ.पौराणिक

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, स्वस्थ रहने की अनिवार्य शर्त है। हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो ही हम स्वस्थ रह पाएंगे। इसके लिए जनता व नगर पालिका प्रशासन दोनों को अपनी - अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करना होगा। दोनों को ही एक दूसरे को सहयोग करना होगा और इसी सहयोग की भावना को विकसित करने के लिए 'अनुराग' संस्था मंदसौर नगर में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को अलग अलग क्षेत्रों में जनजागरण पदयात्रा निकाल रही है।




उक्त बात डॉ. देवेंद्र पौराणिक ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर इंजी. सुनील व्यास ने कहा कि वर्तमान में देश में प्रजातंत्र का महापर्व चल रहा है। कृपया प्रत्येक मतदाता मतदान अवश्य करें। नवीन भवन निर्माता 'छतीय वर्षा जल संग्रहण तकनीक' की स्थापना हेतु नि:शुल्क जानकारी 'अनुराग संस्था' से प्राप्त करें। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में वरिष्ठ पत्रकार विक्रम विद्यार्थी, अजीजुल्लाह खान, रमेश सोनी, सत्यनारायण सरगरा, रामचंद्र रैकवार, आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

## 8 अप्रैल बलिदान दिवस विशेष...

# भारत की आजादी की क्रांति की ज्वाला धधकाने वाले अमर बलिदानी क्रांतिवीर मंगल पांडे

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** हमारे देश को अंग्रेजों की परतंत्रता से मुक्त करवाने के लिये 1857 में ज्वाला को धधकाने वाले क्रांतिवीर थे स्व मंगल पांडे। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चले लम्बे संग्राम का बिगुल बजाने वाले पहले क्रान्तिवीर मंगल पांडे का जन्म 30 जनवरी, 1831 को ग्राम नगवा (बलिया, उत्तर प्रदेश) में हुआ था। कुछ लोग इनका जन्म ग्राम सहरपुर (जिला साकेत, उत्तर प्रदेश) तथा जन्मतिथि 19 जुलाई, 1827 भी मानते हैं। युवावस्था में ही वे सेना में भर्ती हो गये थे। उन दिनों सैनिक छावनियों में गुलामी के विरुद्ध आग सुलग रही थी। अंग्रेज जानते थे कि हिन्दू गाय को पवित्र मानते हैं, जबकि मुसलमान सूअर से घृणा करते हैं। फिर भी वे सैनिकों को जो कारतूस देते थे, उनमें गाय और सूअर की चर्बी मिली होती थी। इन्हें सैनिक अपने मुंह से खोलते थे। ऐसा बहुत समय से चल रहा था, पर सैनिकों को इनका सच मालूम नहीं था।



मंगल पांडे उस समय बैरकपुर में 34वीं हिन्दुस्तानी बटालियन में तैनात थे। वहां पानी पिलाने वाले एक हिन्दू ने इसकी जानकारी सैनिकों को दी। इससे सैनिकों में आक्रोश फैल गया। मंगल पांडे से रहा नहीं गया। 29 मार्च, 1857 को उन्होंने विद्रोह कर दिया। एक भारतीय हवलदार मेजर ने जाकर सार्जेंट मेजर ह्यूसन को यह सब बताया। इस पर मेजर घोड़े पर बैठकर छावनी की ओर चल दिया। वहां मंगल पांडे सैनिकों से कह रहे थे कि अंग्रेज हमारे धर्म को भ्रष्ट कर रहे हैं। हमें उसकी नौकरी छोड़ देनी चाहिए। मैंने प्रतिज्ञा की है कि जो भी अंग्रेज मेरे सामने आएगा, मैं उसे मार दूंगा। सार्जेण्ट मेजर ह्यूसन ने सैनिकों को मंगल पांडे को पकड़ने को कहा, पर तब तक मंगल पांडे की गोली ने उसका सीना छलनी कर दिया। उसकी लाश घोड़े से नीचे आ गिरी। गोली की आवाज सुनकर एक अंग्रेज लेफ्टिनेंट वहां आ पहुंचा। मंगल पांडे ने उस पर भी गोली चलाई, पर वह बचकर घोड़े से कूद गया। इस पर मंगल पांडे उस पर झपट पड़े और तलवार से उसका काम तमाम कर दिया। लेफ्टिनेंट की सहायता के लिए एक अन्य सार्जेण्ट मेजर आया, पर वह भी मंगल पांडे के हाथों मारा गया। तब तक चारों ओर शोर मच गया। 34वीं पल्टन के कर्नल हीलट ने भारतीय सैनिकों को मंगल पांडे को पकड़ने का आदेश दिया, पर वे इसके लिए तैयार नहीं हुए। इस पर अंग्रेज सैनिकों को बुलाया गया। मंगल पांडे चारों ओर से घिर गये। वे समझ गये कि अब बचना असम्भव है। अत: उन्होंने अपनी बन्दूक से स्वयं को ही गोली मार ली, पर उससे वे मरे नहीं, अपितु घायल होकर गिर पड़े। इस पर अंग्रेज सैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया। जिसके बाद मंगल पांडे पर सैनिक न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। उन्होंने कहा, मैं अंग्रेजों को अपने देश का भाग्य विधाता नहीं मानता। देश को आजाद कराना यदि अपराध है, तो मैं हर दण्ड भुगतने को तैयार हूं। न्यायाधीश ने उन्हें फांसी की सजा दी और इसके लिए 18 अप्रैल का दिन निर्धारित किया, पर अंग्रेजों ने देश भर में विद्रोह फैलने के डर से घायल अवस्था में ही 08 अप्रैल, 1857 को उन्हें फांसी दे दी। बैरकपुर छावनी में कोई उन्हें फांसी देने को तैयार नहीं हुआ। अत: कोलकाता से चार जल्लाद जबरन बुलाने पड़े। मंगल पांडे ने क्रांति की जो मशाल जलाई, उसने आगे चलकर 1857 के व्यापक स्वाधीनता संग्राम का रूप लिया। यद्यपि भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ, पर उस प्रथम क्रान्तिकारी मंगल पांडे के बलिदान को सदा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है।



**रविन्द्र पाण्डेय, मंदसौर**

## सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित हुई आचार्य चयन परीक्षा

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मन्दिर केशव नगर, मंदसौर में विद्या भारती की योजनानुसार नवीन सत्र हेतु आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। नवीन आचार्य चयन परीक्षा में अवलोकन हेतु समिति की शिक्षण टोली श्री कैलाश जी धनगर विभाग समन्वयक महोदय, विधालय संचालन समिति के अध्यक्ष महोदय डॉक्टर श्री रविंद्र जी सोहोनी, सह सचिव महोदय श्री चंद्रशेखर जी हल्कारा और सम्माननीय सदस्य श्रीमती पायल जी कियावत, विधालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव, अभीनंदन नगर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश जी पाठक उपस्थित रहे।

## गुड़ी पड़वा पर्व पर रक्तदान, चेतना के स्वर का आयोजन

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद शाखा-मंदसौर अध्यक्ष श्री अजय शर्मा, सचिव डाक्टर आशीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू नववर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परिषद् परिवार के सदस्यों द्वारा अपने उद्देश्य सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा भावों के साथ हिंदू नववर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर आमजन को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार दिनांक 9 अप्रैल 2024, मंगलवार को महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड, मंदसौर पर प्रात: 7.30 बजे से 9.30 बजे तक कुमकुम चंदन लगाकर व नीम-मिश्री, काली मिर्च का प्रसाद वितरित कर हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया जायेगा। जहां पर श्रीजी नर्सिंग कॉलेज की बालिकाओं द्वारा रंगोली भी बनाई जावेगी।

साथ ही नववर्ष के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर (ब्लड डोनेशन केंप) का आयोजन समय - प्रात: 10 बजे से जिला चिकित्सालय परिसर, मन्दसौर पर रखा गया है। नववर्ष की पावन संध्या पर जन भागीदारी समिति लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में संगीत साधकों द्वारा चेतना के स्वर कार्यक्रम का आयोजन समय - सायं 7 बजे से 9 बजे तक चेतना के स्वर कार्यक्रम में भक्ति रस प्रवाहक श्री अतुल साकेत द्वारा भजन गायन एवं भगवान श्री राम पर आधारित प्रस्तुति राम काव्य वाचक- कवि ध्रुव तारा द्वारा दी जावेगी। कार्यक्रम स्थल- मेडी पॉईट (प्रथम तल स्थित हॉल गोल चौराहा पर रखा गया है। अत: आप सभी परिषद साथी पुरुष एवं महिलाएँ सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकुपुरा पंचायत का होली मिलन समारोह रंग तेरस के अवसर पर जीवागंज स्थित श्री जगदीश विलास परिसर में सानंद संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महानुभाव सपरिवार सम्मितलित हुए। इसके पूर्व जगदीश मंदिर में महा आरती भी की गई। होली मिलन समारोह में समाज के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने कहा कि श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर में समस्त ब्राह्मण समाज की बहुसंख्य इकाई है समाज के लिए यह गौरव की बात है कि समाज जनों ने धर्म, अध्यात्म, कर्मकांड, शिक्षा, पत्रकारिता, चिकित्सा, विधि और समाज सेवा आदि क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाएं दी है और वर्तमान में भी दी जा रही है जो समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आपने कहा कि समाज का जीवागंज स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर नगर व अंचल में जन जन की आस्था का प्रतीक है। यहां अनेक श्रद्धालु नित्य दर्शन को आते हैं। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने गत एक वर्ष में हुई सामाजिक गतिविधियों की मुक्त कंठ से सराहना की। साथ ही होली मिलन समारोह की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं को भी प्रशंसनीय बताया। पंचायत के सचिव सुरेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि समाज जनों ने संगठित सहयोग करते हुए वर्ष भर की गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया हैं। होली मिलन समारोह में सभी का सहयोग उल्लेखनीय रहा। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल मंगलवार को गुड़ी पड़वा पर्व पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य न्याय शास्त्री महर्षि गौतम की जयंती के अवसर पर श्री जगदीश मंदिर जीवागंज से सायंकाल 6:00 बजे से विशाल चल समारोह निकाला जाएगा जो गणपति चौक, शुक्ला चौक, घंटाघर आजाद चौक कालाखेत, नयापुरा रोड, जीवागंज गली नंबर 2 से होता हुआ पुन: मंदिर पहुंचेगा। उन्होंने समाज जनों से चल समारोह में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है। इसी दिन प्रात: मन्दिर में पूजन अभिषेक का भी आयोजन होगा। होली मिलन समारोह के अंत में समाज के कोषाध्यक्ष जगदीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



# भारतीय संस्कृति श्रेष्ठता की उपासक...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय विचार भाव में ही निरंतर परिवर्तन को शिरोधार्य कर के प्रकृति परिवर्तन को आत्मसात किया गया हे। प्रकृति अर्तार्थ संपूर्ण सृष्टि के सृजन का शाश्वत विचार भाव ही हमे निरंतर प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए और परिष्कृत रूप में आगे बड़ने की प्रेरणा देता हे।भारतीय नववर्ष नए संकल्पो के साथ नया लक्ष्य लेकर आगे बड़ने का प्रेरणा उत्सव भी हे। यही की इस नूतन वर्ष के शुभारंभ से लेकर आने वाले नववर्ष तक हम क्या क्या संधान करने वाले हे ? यानी हमे नवसंवत्सर की शुभ बेला में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर मिलता हे। यह प्रतिबद्धता समाज, राष्ट्र, और सम्पूर्ण प्राणिमात्र के साथ ही विश्व कल्याण के भाव को समाहित किए हुए हे। यह तिथि और नववर्ष एक प्रकार से हमारी भव्य संस्कृति व सभ्यता का स्वर्ण दिवस हे। भारतीय गरिमा में निहित अध्यात्म व विज्ञान से परिचित होने और गर्व करने का अवसर हे। यह हमे हमारी संस्कृति से परिचित कराने और उसकी महत्ता को रेखांकित करने का भी अवसर उपलब्ध कराता है। इस दिन को ब्रह्मांड की उत्पत्ति का दिन भी माना जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति के प्रथम दिन से ही भारतीय संस्कृति में नववर्ष मनाने की परंपरा है। यह नववर्ष विश्व समाज में मनाए जाने वाले भिन्न भिन्न प्रकार के नए वर्षो से अलग हे। यह स्वयं में आध्यात्मिक रहस्य भी समेटे हुवे हे। भारतीय नववर्ष रात भर जागकर नाचने गाने का अवसर नही हे वास्तव में यह उत्सव प्रकृति के साथ एक समन्वय स्थापित कर वर्ष भर के लिए निर्बाध जीवन की कामना हे। यह अवसर प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों से तालमेल बैठाने के साथ साथ उसके अनुरूप स्वयं को ढालने का संदेश देता हे। भारतीय नववर्ष में राष्ट्र के स्वाभिमान व देशप्रेम को जगाने वाले अनेक प्रसंग इस दिन से जुड़े हुवे हे जो महान भारतीय संस्कृति के दर्शन करवाते हे। पाश्चात्य देशो के अंधानुकरण व अंग्रेजियत के बढ़ते प्रभाव के बाद भी आज चाहे जन्म की, नामकरण की बात हो या विवाह, गृहप्रवेश की हो या व्यापार प्रारंभ करने की सभी में हम शास्त्रो के अनुसार शुभलग्न व मुहूर्त पूछते हे जो की विशुद्ध रूप से विक्रम संवत के पंचांग पर आधारित होता हे। भारतीय मान्यतानुसार कोई भी कार्य यदि शुभ मुहूर्त में प्रारंभ किया जाता है तो वह निश्चित ही सफल होता हे। वैसे भी भारतीय संस्कृति श्रेष्ठता की उपासक हे। हमारा दायित्व हे की आने वाली पीढ़ियों को भी हम अपनी संस्कृति व धर्म की श्रेष्ठता बताकर बताकर भारतीय नववर्ष को पूरे उत्साह के साथ मनाने के लिए प्रेरित करे। भारतीय नववर्ष धर्म, संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, इतिहास और विरासत पर गौरव करने के साथ ही उसे सहेजने संवारने का शुभ संदेश भी देता हे। भारतीय नववर्ष केवल नव संवत की शुभारंभ बेलाभर नही हे बल्कि नए वर्ष संवत का स्वागत अभिनंदन के साथ वर्षभर में जो पाया और जो खोया, क्या याद रखे और किसे भूले ? के चिंतन मनन तक भी सीमित नही हे बल्कि निज जीवन, परिवार, कुटुंब, समाज, जाति से आगे बडकर राष्ट्रीय सरोकारो के प्रति दायित्व निर्वहन का समीक्षात्मक पड़ाव भी हे और भविष्य के लक्ष्य संधान के लिए संकल्पवान बनकर नूतन वर्ष राष्ट्रवाद का अलख जन जन में जगाए यही प्रतिबद्धता या कहे वचनबद्धता ही तो भारतीय नववर्ष की यह शुभारंभ बेला मांग रही है...



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## नव वर्ष पर एक मालवी कविता...

नवा साल में सोगन लाँ
खुद को काम खुद कराँगाँ
डील पे दानक्या नी पाराँगा
निठल्लोपण कदी नी कराँगाँ
आओ नवा साल में सोगन लाँ।
दोगलापण नी कराँगाँ
एकदूजा ने नी भिड़ावागाँ
हक को वे उइज खावाँगा
आओ नवा साल में सोगन लाँ।
सोंप्यो काम मन ती कराँगा
रिश्वत ती रिश्तो नी राखाँगाँ
ठग विद्या ती नी कमावाँगाँ
आओ नवा साल में सोगन लाँ।
विक्रम संवत म्हाको नवो साल
देश कायदा को राखाँ ख्याल
हउ गेला पर बढ़ता चालाँगाँ
आओ नवा साल में सोगन लाँ।

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

### *** जाहिर सूचना ***

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं डॉ.सुनिता कुमारी पिता विक्रम सैनी, असिसटेंट प्रोफेसर, बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसीन, राजस्थान के द्वारा पंजीयन क्रमांक 28474 से पंजीकृत चिकित्सक हूँ। वर्तमान में मैं मध्यप्रदेश राज्य में मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च, बी आर नाहटा फार्मेसी कॉलेज केम्पस, कृषि उपज मंडी के सामने, महु-नीमच रोड मंदसौर में दिनांक 01.03.2024 से कार्यरत होकर संस्था में चिकित्सारत हूँ।

**डॉ.सुनिता कुमारी**
**असिसटेंट प्रोफेसर, रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग**

### *** जाहिर सूचना ***

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं डॉ.कविता राठी पिता कैलाश राठी, असिसटेंट प्रोफेसर, बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसीन, राजस्थान के द्वारा पंजीयन क्रमांक 28324 से पंजीकृत चिकित्सक हूँ। वर्तमान में मैं मध्यप्रदेश राज्य में मंदसौर इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन एंड रिसर्च, बी आर नाहटा फार्मेसी कॉलेज केम्पस, कृषि उपज मंडी के सामने, महु-नीमच रोड मंदसौर में दिनांक 06.03.2024 से कार्यरत होकर संस्था में चिकित्सारत हूँ।

**डॉ.कविता राठी**
**असिसटेंट प्रोफेसर, बालरोग विभाग**

जैसलमेर जिले में डीएसटी व सम थाना पुलिस की कार्रवाई, रिसोर्ट में आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते...

# मनासा कुकड़ेश्वर के चार सटोरिये गिरफ्तार

**करोड़ों का हिसाब, करीब एक लाख नगद, लैपटॉप, मोबाइल, अन्य सामग्री व एक महेन्द्रा एक्सयूवी जप्त**

**जैसलमेर, 7 अप्रेल।** जिले में ऑपरेशन मरु प्रहार के अंतर्गत डीएसटी की सूचना पर थाना सम पुलिस की टीम ने बडी कार्रवाई कर एक रिसोर्ट में आईपीएल क्रिकेट मैच पर करोडों रुपए का सट्टा लगाते मध्य प्रदेश निवासी चार सटोरियों को गिरफ्तार कर सट्टे में प्रयुक्त करीब 1 लाख नगद, लैपटॉप, मोबाइल, करीब 2.58 करोड रुपए का हिसाब किताब एवं एक महेन्द्रा एक्सयूवी गाडी जप्त की है।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरगोविंद बसेर पुत्र शांतिलाल (40), अरविंद चौधरी पुत्र मोहनलाल (35), लालू राम भट्ट पुत्र धनराज (30) एवं सुरेश मालवीय पुत्र मोहनलाल (47) तह मनासा जिला नीमच मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इनमें हरगोविंद व अरविंद चौधरी के विरुद्ध एक-एक, लालू राम के विरुद्ध दो और सुरेश मालवीय के विरुद्ध 6 प्रकरण थाना कुकड़ेश्वर जिला नीमच में सट्टेबाजी के दर्ज है। एसपी चौधरी ने बताया कि थाना सम इलाके के एकांता रिसोर्ट में हैदराबाद बनाम चेन्नई आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाए जाने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह राजवी व सीओ राजेश कुमार शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ ओमाराम के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश दी गई। लाइव मैच पर सट्टा खिला रहे आरोपी हरगोविंद, अरविंद चौधरी, लालू राम व सुरेश मालवीय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने पांच एंड्राइड मोबाइल, तीन कीपैड मोबाइल, एक लैपटॉप जिसमें लाखों रुपए का लेनदेन, पेन ड्राइव, कैलकुलेटर, एक डायरी जिसमें 2.48 करोड रुपए से अधिक का हिसाब, दो क्लिपबोर्ड मय पेपर जिसमें 7.68 लाख रुपए का हिसाब नगद 99500 नकद तथा एक एक्सयूवी जप्त की गई।



# राम रथ की अगुवाई में आज निकलेगी भगवा वाहन रैली

**मंदसौर, 7 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार नववर्ष (गुडी पडवा) की पूर्व संध्या निकलने वाली विशाल भगवा वाहन रैली आज राम रथ की अगुवाई में नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरेगी। तिरंगे झंडे के साथ भारत माता का रथ भी शामिल होगा। वाहन रैली में मातृशक्ति की टीम भी बुलेट चलायेगी। शहर के प्रमुख चौराहों पर सनातन प्रेमी भगवा वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। मंगलमुखी किन्नर गुरु अनीता दीदी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

बता दे कि 9 अप्रैल 2024, मंगलवार को हिन्दू व सनातन समाज अपना नववर्ष गुडी पडवा त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनायेगा। हिन्दू उत्सव समिति के प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार हिन्दू उत्सव समिति नववर्ष गुडी पडवा के एक दिन पूर्व आज भगवा वाहन रैली का आयोजन करता है। जिसमें तकरीबन 2 हजार की संख्या में दो पहिया व चौपहिया वाहन भगवा रैली में शामिल रहते है, इन मार्गो से गुजरेगी वाहन रैली- हिंदू नववर्ष को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह वाहन रैली आज 8 अप्रैल 2024, सोमवार को सायं 4 बजे श्री विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गुप्ता समोसा चौराहा, बंटी पान चौराहा से रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, श्रीकोल्ड चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड चौराहा, नयापुरा रोड़, वरूणदेव मंदिर, गणपति चौक, जनकूपुरा, वीर सावरकर मार्ग, मुंडी गेट चौराहा, घण्टाघर, बस स्टेण्ड होते हुए पुन: गांधी चौराहा स्थित विश्वपति शिवालय पहुंचेगी जहां रैली समापन होगा। प्रवक्ता ने बताया कि रैली के लिये एकत्रीकरण दोपहर 3.30 बजे से विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा, मंदसौर पर रहेगा। आयोजन समिति ने नगर के मुख्य चौराहों की भगवा झंडियों से सजावट की है।

नगर के सभी सामाजिक संगठन, समाजसेवी संस्थाएं, समाज प्रमुखों एवं आयोजन समिति ने अपील की है कि वे हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या अपने-अपने संस्थानों की सजावट करें व वाहन रैली का भव्य स्वागत करें। हिन्दू उत्सव समिति, मंदसौर सभी नगरवासियों से इस वाहन रैली में उपस्थित होने की अपील करती है।

## जुआ खेलते 6 को पकड़ा, 1 लाख बरामद

**पिपलियामंडी, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को पकड़ा। इनके कब्जे से 1 लाख 780 रुपए बरामद हुए। मल्हारगढ़ पुलिस के अनुसार महू-नीमच मार्ग पर गैस गोदाम के पास जुआ खेलते हुए पिपलियामंडी निवासी कमलेश पोरवाल, विजय पोरवाल, सुनील माहेश्वरी, नीलेश पोरवाल, खात्याखेड़ी निवासी दीपक सैनी, अमरपुरा निवासी ओप्रकाश पाटीदार को पकड़ा। इनके कब्ज से 1 लाख 780 रुपए नकदी जब्त किए।

## 12 गौवंश को मुक्त कराया, 4 आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मिनी ट्रक में भरकर वध के लिए महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 12 गौवंश को विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मुक्त कराया। रविवार को दोपहर 12.30 बजे कार्यकर्ताओं ने नीमच से मंदसौर की ओर जा रही मिनी आईशर ट्रक (एमएच 17 बीवाय 4792) को रोका, इसमें 12 गौवंश कूररतापूर्वक भरे हुए थे। ट्रक व उसमें सवार लोगों को कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सुपुर्द किया। पिपलिया पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र प्रान्त के अहमदनगर निवासी नीलेश पिता राजेन्द्र, नवनात पिता मारुति, भीमा पिता मछिन्दर व अभिषेक पिता नरेन्द्र के खिलाफ पशुकूररता अधिनियम में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया व गौवंश को गौशाला भिजवाया।



## डॉ गुर्जर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**जीरन, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन म.प्र. के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद नीमच के प्रभारी डॉ शिव नारायण गुर्जर ने दिनांक 6 अप्रैल 2024 को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर राज्यसभा सांसद आदरणीय श्री बंसीलाल जी गुर्जर, हमारे मार्गदर्शक किसान नेता श्री उमराव सिंह जी गुर्जर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पवन जी पाटीदार, लोकप्रिय विधायक श्री दिलीप सिंह जी परिहार आदि की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय तपोभुमि पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करी है, डॉ गुर्जर ने बताया है कि जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते हमारे संगठन की मांगो के निराकरण के उद्धेश्य लेकर और भारतीय जनता पार्टी की रीति-निती और मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रहित में चलाए जा रहे कई विकास कार्यों और योजनाओं को समझते हुए सबका साथ सबका विकास जैसे विचारों और देश में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए मोदी सरकार द्वारा धारा 370 हटाई गई और अभी हाल ही में भगवान श्री राम का मंदिर बनाकर पूरे विश्व में सनातन धर्म का परचम लहराया है और डॉ गुर्जर ने कहा कि आज से 10 साल पहले मैने अपने संगठन के सामने एक घोषणा करी थी कि जिस दिन धारा 370 हट जाएगी और राम मंदिर बन जाएगा उस दिन हम भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे और मोदी सरकार ने वो सब कर दिखाया है, इसलिए इन सब से प्रभावित होकर और हमारे मार्गदर्शक भाई साहब उमराव सिंह जी गुर्जर के आह्वान पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करी है, और हमारे साथ पूरे प्रदेश स्तर पर सामाजिक और स्वास्थ्य संगठन के हजारों समर्थक और सदस्य गण इससे प्रभावित होकर भाजपा का ही समर्थन करेंगे।

# आईपीएल सटटा लगाते चार युवक धराए, मोबाईल फोन व नगदी जप्त



**मनासा, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा वर्तमान में चल रहे आईपीएल को लेकर निगाह रखने व सटटा लगाने वालो पर कार्यवाही करने हैतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया था जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच, नवलसिंह सिसोदिया व एसडीओपी महोदय मनासा श्री विमलेश उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक एस के यादव के नेतृत्व में थाना मनासा पुलिस द्वारा आईपीएल मेच पर सटटा लगाते हुए कस्बा मनासा से चारो आरोपीयों के विरूध्द कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया गया।

थाना मनासा पुलिस को दिनांक 06.04.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रदिप पिता भरत सराह, प्रसन्न पिता कन्हैयालाल भाटी, राहुल पिता दुधमल करेल नि.मनासा के एड्राएड मोबाईल फोन पर आईपीएल टीम आरसीबी वर्सेस राजस्थान रायल्स किकेट मेच में 2020 ईएक्ससीएच आईडी से आनलाईन सटटा खेलकर अवैध लाभ कमा रहै है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपीगण प्रदिप पिता भरत सराह उम्र 23 साल नि. भाटखेडी नाका मनासा, प्रसन्न पिता कन्हैयालाल भाटी उम्र 30 साल नि.अहिल्यापुरा मनासा, राहुल पिता दुधमल करेल उम्र 29 साल नि. भाटखेडी नाका मनासा को आईपीएल टीम आरसीबी वर्सेस राजस्थान रायल्स किकेट मेच में 2020 ईएक्ससीएच आईडी से आनलाईन सटटा खेलते हुए रंगे हाथो पकडा गया तथा आरोपीयों से दो एड्रांएड मोबाईल फोन व 8000 रूपये नगदी जप्त की गयी। तथा प्रकरण में आये साक्ष्य से आरोपी लालचंद उर्फ लाला पिता मोतीलाल राठोर जाति तेली उम्र 49 साल नि.राम मोहल्ला मनासा से भी मोबाईल व आईपीएल के सटटे की राशी 10000 रू जप्त की गयी है। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मनासा एवं उनकी टीम उनिद्ध-निलेश सोलंकी, आर विवेक धनगर, आर धर्मेन्द्रसिंह, आर दिपक सेन, आर कुशलपाल, आर अनिल असवार, आर पंकज राठोर व सेनिक घनश्याम का सराहनीय योगदान रहा है।

# मंदसौर के चोरों से जावरा पुलिस ने बरामद की बाईक

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने विगत दिनों बाइक चोंरो को पकड़ा था। जावरा से एक बाइक चोरी का खुलासा यहां हुआ। इसके बाद जावरा पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की। जिसके बाद और चोरी की अन्य बाइक पुलिस ने बरामद की है।

जावरा पुलिस ने बताया कि 5 मई 2023 को मठ मंदिर नयामाली पुरा ठोकरीया भेरु जी चोराहा जावरा से पवन पिता भागीरथ माली की बाइक, 27 नवंबर 2023 को नासिर हुसैन के घर के बाहर स्टेशन रोड जावरा से बाइक, 12 दिसंबर 2023 को वाजिद हुसैन के घर के सामने स्टेशन रोड सेमलीवाली मस्जिद के पास जावरा से बाइक तथा 1 जनवरी 24 को वृंदावन होटल के सामने, शंकर मंदिर के पास जावरा से फरियादी बबलु बैरागी की प्लेटिना बाइक को कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना जावरा शहर ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया।

जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने बताया 28 फरवरी 24 को थाना मल्हारगढ ने चोरी गई एक बाइक को वाहन चेकिंग के दोरान पकड़ा। पुलिस ने आरोपी दिलकुश पिता शांतिलाल उम्र 27 साल निवासी अम्बाव थाना पिपलिया मंडी व तेजमल पिता राधेश्याम बावरी उम्र 21 साल निवासी रुपी थाना मल्हारगढ जिला मंदसौर से बाईक जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। सूचना पर आरोपी दिलकुश व तेजमल को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट के जरिये पुलिस रिमांड पर लेकर थाना जावरा शहर लाकर सख्ती से पुछताछ की। तब उन्होंने थाना जावरा शहर क्षैत्र से वर्ष 2023 में 3 बाइक एवं वर्ष 2024 में 1 बाइक चुराना बताया। चोरी गई बाइक पुलिस ने जब्त कर ली है।





# सुधीर गुप्ता ने धुंधड़का मंडल के ग्रामों में किया जनसंपर्क

**मंदसौर/नीमच, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने दलौदा मंडल के डिगांवमाली, माल्या,,, खेरखेडा, सेमली, उदपुरा, कोलवा, निरधारी, पिपलिया कराडिया, जग्गाखेडी, सूरी, लोध, रठाना चिरमोलिया, नेतावली, बासाखेडी एवं गुर्जरबर्डिया सहित अन्य ग्रामों में जनसंपर्क कर मोदी सरकार बनाने की अपील की। सांदद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने देश को सिर्फ बर्बाद करने का काम किया। जबकि मोदी सरकार ने इस देश में विकास के कई कीर्तिमानों छुआ है। जनसंपर्क के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षो में विकास के साथ संस्कृति को सजोने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। जहां देश आज सबसे बड़े आस्था के केन्द्र राम मंदिर में भगवान श्री राम के दर्शन टेंट की जगह मंदिर में करेंगे। वहीं केदारनाथ, काशी, महाकाल लोक सहित अन्य मंदिरों का भव्य रूप भी देश ने देखा है।

उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने जितनी योजनाएं गरीबों के लिए बनाई उतनी किसी अन्य किसी सरकार ने सोची भी नही।आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी के सिर पर छत देने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाओं से महिलाओं को धुएं व चूल्हे से मुक्ति दिलाई। आज हर घर नल से शुद्ध पेयजल देने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। किसानों को सिच.ांई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करा रही है। इसी के साथ ही जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उन्होने जनता का आभार प्रकट करते हुए भी कहा कि इस प्रेम व स्नेह से अभिभूत है।

**गुर्जर बर्डीया में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**–ग्राम गुर्जर बढ़िया के मुकेश जी,, अशोक जी,, पन्नालाल, जी, जगदीश जी, बालाराम जी लक्ष्मण जी लाला भाई नवल, शिवलाल जी, अंकितली सुरलाल जी, अर्जुन जी, कमल जी, जगदीश जी, घनश्याम जी, लक्ष्मी नारायण जी कन्हैयालाल जी, करण जी, विनोद जी, अनिल जी, महेश जी, घनश्याम जी और रामकिशन जी ने मोदी सरकार की नीतियों, विजन विकासवादी सोच से प्रभावित होकर सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, देवलुत्य कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**सामाजिक कार्यक्रमों में की सहभागिता**–इसी के साथ ही सांसद सुधीर गुप्ता ने होली मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होने मराठा समाज और प्रजापत समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर समाज जनों को बधाई शुभकामना दी। इसी के साथ ही नालछा माता मंदिर पर धोबी समाज, ब्राह्मण समाज, भटेवरा सजज, रातपूत, राठौर तेली समाज, मालवीय लोहार समाज, क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, नामदेव समाज, माली समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर समाज जनों को बधाई शुभकामना दी। इसी के साथ ही भावसार समाज के जुलुस का स्वागत किया और ग्राम गुड़भेली में परम पूज्य गुरु जी श्री भीमाशंकर जी शास्त्री के मुखारविंद से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का सुअवसर प्राप्त हुआ।

## 2 स्थाई वारंटी धराए

**पिपलियामंडी, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने दो वारंटी पकड़े। सीतामउ न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी होने पर नाहरगढ़ निवासी शाहिद पिता युसूफ मन्सूरी व लतीफ पिता सिराज मन्सूरी दोनों निवासी नाहरगढ़ को पकडकर न्यायालय में पेश किया।

# वैश्य समाज गुड़ी पड़वा को वैश्य दिवस के रूप में मनाएगा

**मंदसौर, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई मंदसौर द्वारा नववर्ष वर्ष प्रतिपदा गुडी पड़वा का पर्व मंदसौर जिले में वैश्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वैश्य दिवस से एक सप्ताह तक विभिन्न सेवा प्रकल्प के आयोजन जिले भर में किए जाएंगे। गुडी पड़वा 9 अप्रैल मंगलवार को प्रात 9:00 बजे गांधी चौराहा पर सभी को कुमकुम तिलक लगाकर बधाई देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात गोपालकृष्ण गौशाला में गौ माता को हरे चारे एवं गुड का आहार करवाया जाएगा। गुडी पड़वा 9 अप्रैल से 14 अप्रैल रविवार तक मंदसौर जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय पर विभिन्न सेवा प्रकल्पों के आयोजन वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री श्री जगदीश अग्रवाल गरोठ, जिला प्रभारी श्री नरेंद्र अग्रवाल के आतिथ्य में किए जाएंगे।

इस आशय की जानकारी वैश्य महासम्मेलन के मंदसौर जिलाध्यक्ष श्री जगदीश चंद्र चौधरी, जिला महामंत्री श्री भगवानदास विजयवर्गीय, युवा ईकाई जिला प्रभारी श्री जगदीश काला, जिलाध्यक्ष श्री राकेश दुग्गड, जिला महामंत्री श्री दिलीप सेठिया, महिला शाखा जिला प्रभारी श्रीमती भारती अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने देते हुए बताया कि वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा वर्ष प्रतिपदा गुडी पड़वा को संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता के आव्हान पर वैश्य महासम्मेलन द्वारा अपना स्थापना दिवस मनाया जाता है। मंदसौर जिला मुख्यालय पर 9 अप्रैल को प्रात: 9:00 बजे वैश्य जन और मातृशक्ति नगर वासियों का कुमकुम तिलक और चंदन की टिकी लगाकर स्वागत करेगा तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ सेवा की जाएगी। 9 से 14 अप्रैल तक तहसील मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय पर शिक्षा, चिकित्सा के अलावा अन्य सेवा प्रकल्प के आयोजन किए जाएंगे।

9 से 14 अप्रैल तक आयोजित सेवा प्रकल्प के कार्यक्रमों में वैश्य महासम्मेलन परिवार के वरिष्ठजन सर्व श्री समाज सेवी श्री प्रहलाद काबरा, श्री सूरजमल गर्ग चाचाजी, श्री सत्यनारायण सोमानी, श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्री प्रवीण गुप्ता, श्री विजेंद्र सेठी, श्री शांतिलाल बड़जात्या, श्री कृष्ण कुमार चिचानी, श्री हंसराज कबाड़ी, श्री बंशीलाल विजयवर्गीय, श्री राजमल गर्ग, श्री महेश सोमानी बांकट, श्री राधे श्याम मांदलिया, श्री नरेंद्र खंडेलवाल, श्री सुनिल विजय वर्गीय, श्री दाऊभाई विजय वर्गीय, श्री रमेश काबरा, श्री सुरेश सोमानी, श्री सत्यनारायण छापरवाल, श्री अशोक सेठिया, श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, श्री दिलिप सोमानी, श्री सुभाष खण्डेलवाल, श्री अनिल मित्तल, श्री रखबचंद्र जैन, श्री राजेन्द्र छाजेड, यूवा इकाई संभागीय प्रभारी कपिल भंडारी, अध्यक्ष अमित मारवाड़ी सहित बड़ी संख्या में वैश्य बंधू सम्मिलित होंगे।

मंदसौर जिला अध्यक्ष श्री चौधरी एवं जिला महामंत्री श्री विजयवर्गीय ने मंदसौर जिला इकाई के समस्त वैश्य बंधुओ और मातृशक्ति तथा युवा भाइयों से अनुरोध किया कि गुड़ी पड़वा पर्व पर 9 अप्रैल को प्रात: 9:00 बजे गांधी चौराहा पर विश्व पति शिवालय के समक्ष सभी परिवार सहित एकत्रित हो और वहीं से सेवा प्रकल्प का श्री गणेश किया जाएगा।



## प्रत्याशी दिलीप गुर्जर पहुंचे इंदिरा नगर

**नीमच, 7 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर आज रविवार 7 अप्रैल को नीलकंठ जाते समय पोरवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल के निवास स्थान इंदिरा नगर पहुंचे। यहां अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने दिलीप गुर्जर की पुष्प वर्षा कर अगवानी की। निवास पर दिलीप गुर्जर को तिलक किया व पुष्पमाला और साफा पहनाकर शाल श्रीफल से मुकेश पोरवाल व पार्षद सुमित्रा पोरवाल परिवार ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप गुर्जर के साथ पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, डाक्टर संपत स्वरूप जाजू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, तरुण बाहेती, राकेश अहीर, योगेश प्रजापति, दिग्विजय सिंह, भानुप्रताप सिंह राठौर, पार्षद हरगोविंद दीवान, पार्षद श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल, शांतिबाई पोरवाल, आंचल गुप्ता, प्रभा बैरागी, श्रीमती ममता रामसिंह गुर्जर, समीर गुर्जर, मनोहर गुर्जर, गजेन्द्र यादव, प्रेमनारायण गुप्ता, गौरव पोरवाल, शिव रामसिंह गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## विवाह कार्यक्रमों पर आचार ... पेज 1 से जारी

ही शादियों पर आचार संहिता का साया मंडराने लगा है। भले ही मई माह में विवाह के मुहूर्त इक्का-दुक्का ही हो, लेकिन अप्रैल माह में जिन घरों में शादियां हैं, उन परिवारों में आचार संहिता का डर दिखाई दे रहा है। इन परिवारों ने शादियों की बुकिंग पहले से कर रखी है, फिर भी कुछ ऐसे काम हैं जो इन दिनों में पूरा करना है। उनका मानना है कि इन्हें करने में परेशानी आ सकती है।

विवाह मुहुर्त निकालने वालों के अनुसार 14 मार्च से 13 अप्रेल तक मीन राशि में सूर्य के रहने से विवाह आदि शुभ मुहूर्त पर रोक लगी हुई है। पं. धनंजय शर्मा के अनुसार 13 अप्रेल के बाद विवाह के केवल 18, 21, 22, 23, 26 अप्रेल के मुहूर्त ही हैं। फिर 29 अप्रेल को शुक्र तारा पूर्व दिशा में 05 जुलाई तक अस्त रहेगा। शुक्र के अस्त होने पर विवाह, नवीन गृह प्रवेश आदि शुभ मुहूर्त नहीं होते। गुरु भी 7 मई को पश्चिम दिशा में अस्त रहेंगे और एक जून को पूर्व में उदय होंगे। इन दोनों के उदय होने के बाद ही जुलाई में फिर से 09, 11 और 15 जुलाई को विवाह मुहूर्त हैं।


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक-क्यू/2024 मंदसौर, दिनांक 01.03.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लाइसेंस क्रमांक एमपी 14/000537/04 जो कि इस कार्यालय में श्री अरुणसिंह चौहान पिता जगदीशसिंह निवासी ग्रीन वेली वार्ड नं. 05 मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

अतः उक्त लाइसेंस में श्री अरुणसिंह पिता जगदीशसिंह निवासी ग्रीन वेली वार्ड नं. 05 मंदसौर का नाम सुधार करना है।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस के भीतर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर लाइसेंस में सुधार किया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## *** जाहिर सूचना बाबत् ***

## दुकान नं 62, प्रकाश लाईम, गौतम नगर कालाखेत की गली के संबंध में

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पिता श्री प्रकाश दीक्षित पिता शिवदर्शनलाल उर्फ सुदर्शनलाल दीक्षित निवासी शुक्ला कालोनी मंदसौर होकर जिनकी एकमात्र संतान में जाहिर सूचनाकर्ता श्रीमती नेहा दीक्षीत (भावसार) पति दिपेश भावसार, निवासी 61, शुक्ला कॉलोनी, मन्दसौर होकर सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित करती हूं कि, मेरे परिवार की एवं मेरे आधिपत्य की एक दुकान नं 62. प्रकाश लाईम, गौतम नगर कालाखेत की गली मंदसौर में स्थित हैं। जिसकी छत विक्रय के समय से ही सौदे में शामिल नहीं थी। जो की मुझ सूचनाकर्ता की नानी अर्थात् मेरे पिता की सासू मां श्रीमती शारदा पति महांकाल दीक्षीत ने सन् 1998 में मुझ सूचनाकर्ता के लिए क्रय करके दी थी, और जिसका विक्रय पत्र का निष्पादन मुझ सूचनाकर्ता की नाबालिग होने की स्थिति में मेरे पिता के नाम पर करवाया गया था। जो की पारिवारीक एवं बटवारे अनुसार मुझ सूचनाकर्ता के उपयोग उपभोग के लिए सुरक्षित रखा गया हैं। जिसके मूल (असल) दस्तावेज मुझ सूचनाकर्ता के पास सुरक्षित रखे हैं।

01. यह कि, उक्त दुकान का कब्जा भी मुझ सूचनाकर्ता के पास ही एवं मेरा ही कब्जा चला आ रहा हैं। मेरे पिता वृद्ध होकर बिमार व्यक्ति हैं। जो की मेरे पास ही मेरी नानी के मकान में निवास करते आ रहे हैं। जिनकी मानसिक स्थिती भी ठिक नहीं रहती हैं। वे प्रतिपल मानसिक परेशानीयों के चलते चीजो और बातो को भुलने लगते हैं, एवं परिस्थिति को उस प्रकार नहीं समझ पाते, जिस प्रकार मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति समझता हैं। उनकी इस मानसिक स्थिति का लाभ उठाकर मंदसौर के कुछ दलाल बंधु एवं अन्य दीगर व्यक्ति मेरी उक्त दुकान का सौदा बाजार में चला रहे हैं। जबकि मेरे द्वारा उक्त दुकान को नियमित रूप से उपयोग उपभोग में लिया जा रहा हैं। उक्त दुकान की चर्तुसीमा निम्नवत् है:- पूर्व में-गली, पश्चिम मे-अन्य की दुकान व उत्तर में-अन्य की दुकान, दक्षिण में-सडक कालाखेत गली।

पैमाइश: पूर्व से पश्चिम चौडाई 2.96 मीटर यानि 9.8 फीट, उत्तर से दक्षिण 3.81 मीटर यानि 12.6 फीट, कुल क्षेत्रफल 121 वर्गफीट यानि 11.24 वर्गमीटर है।

02. यह कि, उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को हिदायत दी जाती हैं, कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या अन्य कोई उक्त सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई सौदा, अनुबंध या करार मेरी सहमति या मेरे पास रखे मूल दस्तावेजो के बगैर ना करे अन्यथा वह मात्र व्यर्थ विवाद खरीदेगा, इसकी जवाबदारी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी, और उससे उपजे न्यायलयीन कार्यवाहीयों एवं परिणामो हेतु भी वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचित हो।

दिनांक-06-04-2024

भवदीय

नेहा दीक्षीत (भावसार) पति दिपेश भावसार

निवासी:- 61, शुक्ला कॉलोनी, मन्दसौर मो-7000831721


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in